**आकाशवाणी जयपुर–अजमेर**
**प्रादेशिक समाचार**

**दिनांक: 20.02.2026** **समय : 18.30 पीएम**

- **केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम के दूसरे चरण का शुभारंभ किया–इसके तहत सीमांत गांवों को मुख्यधारा में लाया जायेगा।**
- **केन्द्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा–भारत का लक्ष्य सेमीकंडक्टर और इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योगों में अग्रणी भूमिका निभाना है।**
- **राज्य सरकार खाद और बीज की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए जल्द ही सख्त कानून लाएगी।**
- **जयपुर में भारतीय वायु सेना की ओर से आयोजित एयर शो में सारंग हैलीकॉप्टरों और सूर्यकिरण विमानों ने रोमांचक करतब दिखाए।**

0000

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज श्वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम के दूसरे चरण का शुभारंभ किया। असम के नाथनपुर गांव से शुरू हुए इस चरण के तहत छह हजार 839 करोड़ रुपये से देश के 17 राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों के लगभग दो हजार गांवों का सर्वांगीण विकास किया जाएगा। इनमें राजस्थान भी शामिल है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री शाह ने कहा कि इस प्रोग्राम का उद्देश्य अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास स्थित गांवों में सुरक्षा, सड़क संपर्क और सरकारी योजनाओं का शत–प्रतिशत लाभ पहुंचाना है। साथ ही इन सीमांत गांवों को विकास की मुख्य धारा में शामिल करना है।

..........

योजना के तहत 3 सौ 34 ब्लॉक्स में विकास कार्य किए जाएंगे, जिससे सीमावर्ती क्षेत्रों के निवासियों का जीवन स्तर सुधरेगा। यह कार्यक्रम सीमा सुरक्षा को मजबूत करने और स्थानीय समुदायों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

00000

भारत और अमरीका ने आज नई दिल्ली में इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट में पैक्स सिलिका घोषणा–पत्र पर हस्ताक्षर किए। यह घोषणा–पत्र महत्वपूर्ण खनिजों और सेमीकंडक्टर के उत्पादन तथा तेजी से विकसित हो रहे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के क्षेत्र में सहयोग को मजबूत करेगा।

इस अवसर पर केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि भारत का लक्ष्य सेमीकंडक्टर और इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योगों में अग्रणी भूमिका निभाना है। श्री वैष्णव ने कहा कि भारत के अलग–अलग राज्यों से छात्र चिप्स डिजाइन कर रहे हैं।

................

श्री वैष्णव ने कहा कि भारत का पहला सेमीकंडक्टर संयंत्र बहुत जल्द वाणिज्यिक उत्पादन शुरू करेगा।

00000

जयपुर में आज से तीन दिन के राष्ट्रीय न्यायिक सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। साइबर सुरक्षा–जागरुकता, सरंक्षण और न्याय तक पहुंच विषय पर हो रहे इस सम्मेलन का आयोजन राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से किया जा रहा है। सुप्रीम कोर्ट के सीजेआई सूर्यकांत आज शाम सम्मेलन का शुभारंभ करेंगे। राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में हो रहे इस सम्मेलन में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा भी शिरकत करेंगे। सम्मेलन के दौरान राजस्थान उच्च न्यायालय के कार्यवाहक सीजे संजीव प्रकाश शर्मा की अगुवाई में रालसा की कई नई पहलों की शुरूआत होगी।

000

राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने ज्ञान, कौशल और चरित्र को राष्ट्र की प्रगति का आधार स्तंभ बताते हुए युवाओं से राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया है। वे आज भीलवाड़ा में एक निजी विश्वविद्यालय के 12वें दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में बौद्धिक क्षमता और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की महत्वपूर्ण भूमिका है, जो मानवीय आचरण को बेहतर बनाने में सहायक होती है। समारोह में शैक्षणिक सत्र 2024–25 के तीस विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक और 31 शोधार्थियों को उपाधियाँ प्रदान की गईं।

0000

राज्य सरकार खाद और बीज की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए जल्द ही कानून लाएगी। कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा ने आज विधानसभा में बताया कि इस कानून में 20 साल की सजा और 20 लाख रुपये के जुर्माने का प्रावधान होगा। उन्होंने कहा कि राज्य में किसानों के लिए पर्याप्त मात्रा में खाद–बीज उपलब्ध है। उन्होंने सदन को सूचित किया कि आगामी महीनों के लिए भी यूरिया और डीएपी का अतिरिक्त स्टॉक रखा गया है। मंत्री ने बताया कि नकली खाद–बीज और कालाबाजारी रोकने के लिए सरकार प्रतिबद्धता के साथ काम कर रही है।

0000

जयपुर के जल महल पर भारतीय वायु सेना की ओर से एयर शो आयोजित किया गया, जिसमे सारंग हैलीकॉप्टरों ओर सूर्यकिरण विमानों ने रोमांचक करतब दिखाए। कमांडिंग ऑफिसर अभिजीत के नेतृत्व में पांच सारंग हेलीकॉप्टरों की टीम ने आसमान में कई आकृतियां बनाकर सबका दिल जीत लिया। हिन्दुस्तान ऐरोनॉटिक्स लिमिटेड द्वारा निर्मित इन पांच हेलीकॉप्टरों की टीम ने गजब का तालमेल दिखाया।

कम ऊंचाई पर संतुलित उड़ान, आमने–सामने क्रॉसिंग और सिंक्रोनाइज्ड मूवमेंट ने रोमांच को चरम पर पहुंचा दिया। इसके बाद सूर्यकिरण टीम के जेट विमानों का आकाश में तिरंगे स्मोक के साथ फॉर्मेशन फ्लाइंग प्रदर्शन शुरू हुआ। इस शो को देखने के लिए स्थानीय नागरिकों के अलावा देशी विदेशी पर्यटक भी बड़ी संख्या में पहुंचे। शो का आयोजन 22 फरवरी को भी किया जाएगा।

00000

कोटा महोत्सव की शुरुआत कल से होगी। चम्बल रिवर फ्रंट पर आयोजित होने वाले दो दिन के इस उत्सव में विभिन्न सांस्कृतिक, खेल और व्यावसायिक गतिविधियां होंगी। महोत्सव का शुभारंभ गोदावरी धाम पर गणेश वंदना से होगा। इसके तहत रिवर फ्रंट के विभिन्न घाटों पर श्कोटा दंगलश, रोजगार मेला और मिलेट्स उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई जाएगी। रविवार को हेरिटेज वॉक निकाली जाएगी। शाम को चम्बल महाआरती होगी और कोटा डोरिया फैशन शो का आयोजन होगा। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने बधाई देते हुए कहा कि कोटा शहर निरंतर तरक्की कर रहा है। इस महोत्सव के माध्यम से हाडोती क्षेत्र आकर्षण का केन्द्र बनेगा।

00000

सीकर के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल खाटूश्याम जी का फाल्गुनी लक्खी मेला कल से शुरू हो रहा है। मेले में लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं के आगमन को देखते हुए प्रशासन की ओर से विशेष तैयारियां की गई हैं। खाटूश्याम–रींगस मार्ग को पूरी तरह नो व्हीकल ज़ोन घोषित किया गया है। इस बीच, उत्तर–पश्चिम रेलवे की ओर से खाटूश्याम जी मेले और होली पर बढ़ते यात्री भार को देखते हुए कई विशेष रेलगाड़ियां चलाई जा रही हैं। उत्तर–पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी अमित सुदर्शन ने बताया कि लोगों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए और रेलगाड़ियां चलाने के प्रयास किये जाएंगे।

0000

प्रदेश में आगामी सप्ताह के दौरान मौसम मुख्यतः शुष्क रहने की संभावना है। मौसम विज्ञान केंद्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि अगले तीन से चार दिनों तक न्यूनतम तापमान में किसी विशेष परिवर्तन के आसार नहीं हैं।

...........

पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य में मौसम शुष्क बना रहा। बाड़मेर और फलौदी में अधिकतम तापमान 31.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि करौली 10.5 डिग्री के साथ सबसे ठंडा स्थान रहा।

0000

पाली में पी.एम. स्वनिधि योजना के तहत शिविर लगाया जा रहा है। नगर निगम परिसर में लगाये गये इस शिविर का उद्देश्य स्ट्रीट वेंडर्स को ऋण उपलब्ध कराकर आत्मनिर्भर बनाना है। ये शिविर 27 फरवरी तक चलेंगे। इनमें बैंकों के माध्यम से ऋण के अलावा प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, जन–धन योजना और श्**एक राष्ट्र एक राशन कार्ड**श जैसी विभिन्न योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। स्वनिधि योजना के लाभार्थी नरेंद्र कुमार ने बताया इस शिविर के माध्यम से स्ट्रीट वेंडर्स को काफी प्रोत्साहन मिल रहा है।

0000

भरतपुर के रामेश्वरी देवी कन्या महाविद्यालय में आज निवेश जागरूकता और वित्तीय साक्षरता पर कार्यशाला आयोजित की गई। कैरियर काउंसलिंग और प्लेसमेंट सैल की ओर से आयोजित इस कार्यशाला में छात्राओं को साइबर धोखाधड़ी से बचाव के तरीकों और वित्तीय साक्षरता के महत्व के बारे में समझाया गया। इस दौरान विशेषज्ञों ने छात्राओं को सरकार की विभिन्न बचत और निवेश योजनाओं के बारे में जानकारी दी।

0000